# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2023-24)

**CLASS : 10th(Secondary)** **Code NO.**

**Series : Sec /Annual -2024**

**रोल न.** | | | | | | | | | | |

**SAT - D**

## हिन्दी

( Academic / Open )

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :-** **2x 7 = 14 अंक**

क) नीलकमल, जन्मान्ध (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)

ख) व्यंजन संधि को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

ग) अनु, अप (उपसर्गों से एक- एक नया शब्द बनाएँ)

घ) सोना, घोड़ा (पर्यायवाची शब्द लिखिए)

ङ) लड़का, क्योंकि, उसका, बाहर ( अविकारी शब्द लिखिए)

च) अलंकार पहचान कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए-

I. काली घटा का घमंड घटा।

II. हाय,फूल सी कोमल बच्ची।

छ) चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **5 अंक**

क) नारी शिक्षा

ख) चन्द्रयान 3 : सफल परीक्षण

ग) आदर्श विद्यार्थी

घ) स्वच्छ भारत

ङ) वृक्षारोपण की आवश्यकता

**प्रश्न 3. अपने विद्यालय में खेल का सामान मँगवाने के लिए मुख्याध्यापक को पत्र लिखें।** **5 अंक**

**अथवा**

**'समय का महत्त्व' बताते हुए छोटी बहन को पत्र लिखें ।**

## खंड - ख

**प्रश्न 4 क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6=6 अंक**

(i) 'सु तो ब्याधि हमकौ लै आए' - यहाँ 'ब्याधि' का क्या अर्थ है ?

क) शिकारी

ख) रोग

ग) परेशानी

घ) ब्याज

(ii) अयमय खांड न ऊखमय में 'अयमय' का क्या अर्थ है ?

क) स्वयं

ख) गन्ना

ग) लोहे से बना हुआ

घ) खांड से बना हुआ

(iii) कवि ने भावहीन मन को क्या कहा है?

क) रीती गागर

ख) अथाह सागर

ग) सीमित साधन

घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) 'निदाघ' का क्या अर्थ है ?

क) वसंत

ख) वर्षा

ग) गर्मी

घ) सर्दी

(v) फसल को किसका रूपांतर कहा गया है?

क) हवा की थिरकन का

ख) सूरज की किरणों का

ग) नदियों के पानी का

घ) भूरी-काली संदली मिट्टी का

(vi) 'चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में'- यहाँ 'अनहद' का क्या अर्थ है?

क) अपार मस्ती

ख) दुख

ग) हताश

घ) सीमाहीन

**प्रश्न 5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए-** **1x 5=5 अंक**

बादल, गरजो !
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो, बादल गरजो!

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ख) बादल के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है?

(ग)कवि ने बादल को गरजने का आह्वान क्यों किया है?

(घ) यहाँ बादलों को किसके प्रतीक के रूप चित्रित किया गया है?

(ङ) प्रस्तुत काव्यांश में किस भाषा का प्रयोग किया गया है?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-** **3 अंक**

सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु ।
विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रताप ||

**प्रश्न 7 (क) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है?** **3+3= 6 अंक**

**(ख) सूरदास के पदों के आधार पर गोपियों का योग साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए।**

## खण्ड-ग

**प्रश्न 8 क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6= 6 अंक**

(i) नेताजी की मूर्ति टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कितने फुट ऊँची थी?

क) दो फुट

ख) तीन फुट

ग) चार फुट

घ) एक फुट

(ii) बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष कब देखा गया?

क) बेटे के जन्म पर

ख) बेटे की शादी पर

ग) बेटे की मृत्यु पर

घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) नवाब साहब ने सीट के नीचे से क्या उठाया?

क) लोटा

ख) जीरा मिला नमक

ग) चाकू

घ) तौलिया

(iv) सबसे बड़ी बहन की शादी के समय मन्नू भंडारी कितने वर्ष की थी?

क) चार वर्ष

ख) दस वर्ष

ग) सात वर्ष

घ) बारह वर्ष

(v) अमीरुदीन का जन्म कहाँ हुआ था?

क) काशी में

ख) डुमराँव में

ग) बनारस में

घ) अलीगढ़ में

(vi) सिद्धार्थ के गृह त्याग का सर्वोच्च क्या लक्ष्य था?

क) निर्वाण

ख) देह सुख

ग) मानव सुख

घ) विद्यार्जन

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए।** **1x 5=5 अंक**

लेखिका के पिता को शब्दकोश लिखने का क्या लाभ हुआ ? सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधिक विस्फारित उनका अहं उन्हें इस बात तक की अनुमति नहीं देता या कि वे कम-से-कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ। नवाबी आदतें, महत्त्वाकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती-थरथराती रहती थी। अपनों के हाथों विश्वासघात की जाने कैसी गहरी चोटें होंगी वे जिन्होंने आँख मूंदकर सबका विश्वास करने वाले पिता जी को बाद के दिनों इतना शक्की बना दिया था कि जब-तब हम लोग भी उसकी चपेट में आते ही रहते।

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) पिताजी के शक्की स्वभाव का क्या कारण था?

(ग) पिताजी के क्रोध का माँ पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(घ) आँख मूंदकर विश्वास करना मुहावरे का अर्थ लिखें।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 10 **यतीन्द्र मिश्र** अथवा **स्वयं प्रकाश** का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 11 (क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर पानवाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए। 2+2=4 अंक**

**(ख) लेखक की दृष्टि में 'सभ्यता' और संस्कृति की सही समझ अभी तक क्यों नहीं बन पायी है?**

## खंड - घ

**प्रश्न 12 कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+3=6 अंक**

(क) 'माता का आँचल' शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ख)कभी रंगीन तो कभी श्वेत पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है?

(ग) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों?

## खण्ड- ङ

**प्रश्न 13 (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए। 1x 4=4 अंक**

1. भगिनी निवेदिता का मूल नाम क्या था ?
   - क) मनस्वी
   - ख) मारग्रेट नोबल
   - ग) निवेदिता
   - घ) एनी बेसेंट
2. राष्ट्रीयता के विकास के लिए अनिवार्य तत्व क्या है?
   - क) राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना
   - ख) संस्कृति
   - ग) भाषा
   - घ) उपरोक्त सभी
3. मदन मोहन मालवीय जी विश्वविद्यालय के कुलपति कब से कब तक रहे?
   - क) 1919 से 1932 तक
   - ख) 1918 से 1932 तक
   - ग) 1919 से 1933 तक
   - घ) 1920 से 1932 तक
4. सच्चा मित्र हमें सदा किससे बचाता है?
   - क) अच्छे कर्म से

ख) बुरे कर्म से

ग) कोई भी कर्म करने से

घ) इनमें से कोई नहीं

**(ख) निम्नलिखित उक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए :-** **3 अंक**

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

**(ग) वानप्रस्थ होने से पूर्व ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी से क्या कहा? इससे उनका क्या भाव प्रकट होता है?**

**3 अंक**

**-----------xxxxx -----------**